सर्किल न्यूज अम्बेडकरनगर 22.08.2019

घनश्याम भारतीय
कोतवाली अकबरपुर

खेल से विकसित होती है मित्रता की भावना- शेफाली



2 मिनट पहले 0 कमेंट

1

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के क्रीड़ा विभाग द्वारा अन्तर्महाविद्यालीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन जिले के एकलव्य स्टेडियम में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने कहा खेल अच्छे स्वास्थ्य के साथ ही मित्रता की भावना विकसित करते हैं। प्रतियोगिता में डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद, अयोध्या से सम्बद्ध महाविद्यालयों के तैराकों ने सहभागिता की। क्रीड़ा विभाग प्रभारी डा राजेश कुमार के संयोजन में सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। 100 मी बटरफ्लाई में प्रथम स्थान शिव दयाल एवं 50 मी में प्रथम स्थान ऋषीकेश ने प्राप्त किया, 100 मी फ्री स्टाइल मे प्रथम स्थान मृत्युन्जय सिंह एवं 50 मी में अमित गुप्ता ने प्राप्त किया। 200 मी फ्री स्टाइल में रामदीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला फ्री स्टाइल 50 मी में प्रथम स्थान पर सीमा राजभर तो द्वितीय स्थान पर रिंकी जायसवाल रही। इस अवसर पर प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक जावेद सिद्दकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी नीरज मिश्र, डॉ अरविन्द वर्मा, डॉ शाहिद परवेज, डॉ. अरुण कांत गौतम, राजेश कुमार, डॉ सीमा यादव, विजय लक्ष्मी यादव, डा नन्दन सिंह, संगीता, वार्लेटिना प्रिया, डा महेन्द्र यादव, रवीन्द्र वर्मा, चन्द्रभान, सीता पाण्डेय, आनन्द कुमार, कुंवर संजय भारती, डॉ विजय प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

(15)
2019-20

अमर उजाला 21.08.2019 पेज नं0–03

## बटर फ्लाई में शिवदयाल विजेता

**अंबेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को अंतरमहाविद्यालयीय तैराकी प्रतियोगिता का शुभांरभ हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्या शेफाली सिंह ने कहा कि खेल मानसिक व शारीरिक लाभ प्रदान करता है। क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ. राजेश कुमार के संयोजन में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। 100 मीटर बटरफ्लाई में प्रथम स्थान शिवदयाल व 50 मीटर में प्रथम स्थान ऋषिकेश ने प्राप्त किया। 100 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान मृत्युंजय सिंह, जबकि 50 मीटर में अमित गुप्त ने बाजी मारी। 200 मीटर फ्री स्टाइल में रामदीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला फ्री स्टाइल के 50 मीटर में प्रथम स्थान सीमा राजभर तो द्वितीय स्थान पर रिंकी जायसवाल रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर प्रतियोगिता पर्यवेक्षक जावेद सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी नीरज मिश्र, डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. शाहिद परवेज, डॉ. अरुणकांत गौतम, राजेश कुमार, डॉ. सीमा यादव, विजय लक्ष्मी यादव व डॉ. नंदन सिंह मौजूद रहे।

2 **दैनिक जागरण** लखनऊ, 22 अगस्त 2019

www.jagran.com

## तैराकी में छात्र–छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**संसू, अंबेडकरनगर :** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा अंतरमहाविद्यालयी तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य स्टेडियम में किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने कहा खेल अच्छे स्वास्थ्य के साथ ही मित्रता की भावना विकसित करते हैं। प्रतियोगिता में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद, अयोध्या से संबद्ध महाविद्यालयों के तैराकों ने सहभागिता की।

इसमें नंदिनीनगर गोंडा, केएनआइ सुल्तानपुर, देवइंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी, भानमती महाविद्यालय अकबरपुर, रमाबाई महिला महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता अर्जित की।



राजकीय एकलव्य स्टेडियम में अंतर्महाविद्यालीय तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ. राजेश कुमार के संयोजन में हुई प्रतियोगिता का संचालन डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने किया। 100 मीटर बटरफ्लाई में प्रथम स्थान शिवदयाल एवं 50 मीटर में प्रथम स्थान ऋषिकेश ने प्राप्त किया। 100 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान मृत्युंजय सिंह एवं 50 मीटर में अमित गुप्त ने प्राप्त किया। 200 मीटर फ्री स्टाइल में रामदीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला फ्री स्टाइल 50 मीटर में प्रथम सीमा राजभर, द्वितीय स्थान रिंकी जायसवाल रहीं। पर्यवेक्षक जावेद सिद्दकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी नीरज मिश्र, डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. शाहिद परवेज, डॉ. अरुणकांत गौतम, राजेश कुमार, डॉ. सीमा यादव, विजय लक्ष्मी यादव, डॉ. नंदन सिंह, संगीता, वालेंटिना प्रिया, डॉ. महेंद्र यादव, रवींद्र वर्मा, चंद्रभान, सीता पांडेय, आनंद कुमार, कुंवर संजय भारती, डॉ. विजय प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

(16)
2019-20

हिन्दुस्तान लखनऊ • गुरुवार • 22 अगस्त 2019 06

# बटरफ्लाई में शिवदयाल रहे अव्वल

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद.

## प्रतियोगिता

- रमाबाई में हुई अवध विवि की अंतर महाविद्यालय तैराकी प्रतियोगिता
- 100 मी में प्रथम शिव दयाल एवं 50 मीटर प्रथम पर ऋषीकेश रहे

डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की अंतर महाविद्यालय तैराकी प्रतियोगिता 2019 आयोजित हुई। प्रतियोगिता की मेजबानी रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर ने की।

आयोजन सचिव और रमाबाई के शारीरिक शिक्षा के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. राजेश कुमार के संयोजन में एकलब्य स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग की बटरफ्लाई और फ्री स्टाइल की तैराकी प्रतियोगिता हुई। अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के तैराकों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग की 100 मी बटरफ्लाई में प्रथम स्थान शिव दयाल एवं 50 मीटर बटरफ्लाई में प्रथम स्थान पर ऋषीकेश रहे। वहीं 100 मीटर फ्री स्टाइल में मृत्युन्जय सिंह एवं 50 मीटर फ्री स्टाइल में अमित गुप्ता अव्वल रहे। 200 मीटर फ्री स्टाइल में रामदीन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं महिला फ्री स्टाइल 50 मीटर में प्रथम स्थान पर सीमा राजभर, द्वितीय स्थान पर रिंकी जायसवाल रहीं। इसके एकलव्य स्टेडियम में प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल अच्छे स्वास्थ्य के साथ ही मित्रता की भावना विकसित करता है। क्रीड़ा विभाग प्रभारी डा. राजेश कुमार के संयोजन में हुई प्रतियोगिता का संचालन डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक जावेद सिद्दीकी और जिला क्रीड़ा अधिकारी नीरज मिश्र मिश्र रहे तथा डा. अरविन्द वर्मा, डा. शाहिद परवेज, डा. अरुण कांत गौतम, राजेश कुमार, डा. सीमा यादव, विजय लक्ष्मी यादव, डा. नन्दन सिंह, संगीता, वालेंटिना प्रिया, डा महेन्द्र यादव, रवीन्द्र वर्मा, चन्द्रभान, सीता पांडेय, आनन्द कुमार, कुंवर संजय भारती, डा. विजय प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

6 दैनिक जागरण लखनऊ, 2 सितंबर 2019

# शतप्रतिशत दिव्यांगजनों को मतदाता सूची में करें शामिल



रमाबाई राजकीय महिला पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम राकेश कुमार मिश्र • जागरण

संसू, अंबेडकरनगर : जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कहा शतप्रतिशत दिव्यांगजनों के अलावा मतदाता बनने से वंचित रहे लोगों का नाम सूची में शामिल किया जाना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी। पात्रता के आधार पर सर्वे कराते हुए मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। जिलाधिकारी रविवार को रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में मतदाता सत्यापन कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे।

मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित करने के बाद उन्होंने निर्देश दियां बीएलओ समेत सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सभी पुरुषों, महिलाओं, 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं एवं दिव्यांगजनों का नाम पात्रता के आधार पर मतदाता सूची में शामिल करें। मृतक अथवा शिफ्ट मतदाता का नाम सूची से हटाएं। इस दौरान जिलाधिकारी ने मतदाता सत्यापन कार्यक्रम की जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां अपर जिलाधिकारी अमरनाथ राय, तहसीलदार गिरिवर सिंह, समस्त खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

05 • लखनऊ • शुक्रवार • 17 जनवरी 2020 हिन्दुस्तान

# रमाबाई में 21वें क्रीड़ा समारोह का हुआ शुभारंभ

**वार्षिक खेल**

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के दो दिनी वार्षिक क्रीड़ा समारोह का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। शुक्रवार तक आयोजित होने वाले समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, मशाल जुलूस की रवानगी, मार्च पास्ट की सलामी और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त और 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखा कर मुख्य अतिथि एसबीआई अकबरपुर की मुख्य शाखा के प्रबंधक मुरली मनोहर ने किया।

उदघाटन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने, और संचालन बारी बारी से डा. विश्वनाथ द्विवेदी, डा. सुधा, डा. सीमा यादव, डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, आनन्द कुमार और चंद्रभान ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य के साथ डा. अरविंद कुमार वर्मा, डा. शाहिद परवेज, पूनम मौर्य, डा. अरूण कांत गौतम, कुंवर संजय भारती, डा. अतुल कुमार कन्नौजिया और संगीता ने किया। उदघाटन समारोह में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नृत्य, समूह नृत्य प्रस्तुत किया। क्रीड़ा परिषद के संयोजक और शारीरिक शिक्षा के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. राजेश कुमार के संयोजन में पहले दिन दौड़, कूद, प्रक्षेपण की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने कहा कि खेलों में हमेशा खेल भावना का पालन करते हुए प्रतिभाग करना चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल हमारे शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं।



रमाबाई महिला पीजी कालेज में लम्बी कूद में प्रतिभाग करती छात्रा

**आकर्षण का केंद्र रही छात्राओं की रंगोली:** रमाबाई राजकीय बालिका महाविद्यालय अकबरपुर के दो दिनी वार्षिक क्रीड़ा समारोह में छात्राओं की खेलो में अभिरुचि का जहां पता चला, वही पश्चिमी व दक्षिण भारत की सभ्यता वाली बनाई गई रंगोली, भी आकर्षण का केंद्र रही। छात्राओं की ओर से महाविद्यालय के परिसर में बनाई गई रंगोली को मुख्य अतिथि ने जमकर सराहना की।

**दौड़ में रीना, कूद में सीमा अव्वल:** पहले दिन की प्रतियोगिताओं में 400 मी दौड़ में प्रथम स्थान रीना राजभर को, द्वितीय स्थान ममता जायसवाल को और तृतीय स्थान श्रेया मिश्रा ने प्राप्त किया। वहीं लम्बी कूद में प्रथम स्थान सीमा राजभर को, द्वितीय स्थान सब्बो निशा को और तृतीय स्थान अंजलि वर्मा को मिला।

66
2019-20

(67)
2019-20

6 दैनिक जागरण लखनऊ, 17 जनवरी 2020

# रीना व सीमा रहीं अव्वल



रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेलकूद समारोह के तहत दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं • जागरण

संसू, अंबेडकरनगर : रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में डॉ. राजेश कुमार के संयोजन में दो दिवसीय 21वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह गुरुवार को शुरू हो गया है। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि, स्टेट बैंक अकबरपुर शाखा प्रबंधक मुरली मनोहर ने 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ करके किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने कहा खेलों में हमेशा खेल भावना का पालन करते हुए प्रतिभाग करना चाहिए। प्रतियोगिताओं में 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान रीना राजभर, द्वितीय स्थान ममता जायसवाल, तृतीय स्थान श्रेया मिश्रा ने प्राप्त किया। लंबीकूद में प्रथम स्थान सीमा राजभर, द्वितीय स्थान सब्बो निशा, तृतीय स्थान अंजलि वर्मा को मिला। संचालन डॉ. विश्वनाथ द्विवेदी ने किया। डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, डॉ. शाहिद परवेज, डॉ. सुधा, डॉ. पूनम, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. सीमा, सीता, अवधेश मंदिनी मौजूद रहीं।

07 हिन्दुस्तान
लखनऊ • मंगलवार • 28 जनवरी 2020

# ओवरऑल चैम्पियन बनीं सीमा राजभर

**खेलकूद**

**अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद**

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के 21वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन हुआ। डा राजेश कुमार के संयोजन में समापन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने किया। ओवर आल चैम्पियन का खिताब सीमा राजभर को मिला।

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के दो दिनी वार्षिक क्रीड़ा समारोह में बारिश ने अवरोध डाल दिया था। केवल एक दिन खेल हुआ था। दूसरे दिन का खेल गणतंत्र दिवस पर हुआ। क्रीड़ा परिषद के संयोजक और शारीरिक शिक्षा के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. राजेश कुमार के संयोजन में पहले दिन दौड़, कूद, प्रक्षेपण की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने कहा कि खेलों में हमेशा खेल भावना का पालन करते हुए प्रतिभाग करना चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल हमारे शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। डा. अरविन्द कुमार वर्मा, डा. सुधा, डा. शाहिद परवेज, डा. अरूण कांत गौतम, डा. नन्दन सिंह, डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, रवीन्द्र वर्मा, डा. राजेश कुमार यादव, डा. अतुल कनौजिया, विजय लक्ष्मी यादव, डा. महेन्द्र यादव, संगीता, सीता पाण्डेय, चन्द्रभान, डा. विजय प्रकाश सिंह, डा. अजीत प्रताप सिंह मौजूद रहे।

**प्रायोगिक परीक्षा कल:** रमाबाई के बीएससी भाग एक, दो और तीन की भौतिक विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा बुधवार को होगी। डा. महेन्द्र यादव ने प्रातः नौ बजे सभी छात्राओं को पहुंचने को कहा है।

## ग्रामीण खेलकूद में राजवंत ने बिखेरा जलवा

अम्बेडकरनगर। युवा कल्याण न्यू प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता की कड़ी में सोमवार को ब्लाक भीटी की प्रतियोगिता हुई। गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज चाचिकपुर में प्रभारी जिला युवा विकास कल्याण अधिकारी अखंड प्रताप के संयोजन में हुई प्रतियोगिता में के मुख्य अतिथि सपा नेता मलखान सिंह रहे।

Scanned by CamScanner

2019-20

रमाबाई का मना वार्षिकोत्सव, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच पुरस्कार का हुआ वितरण,डीएम ने दिए सफलता के सुझाव

# सीमा राजभर को मिला चैम्पियन का पुरस्कार

**वार्षिकोत्सव**

**अम्बेडकरनगर| हिन्दुस्तान संवाद**

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर का बुधवार को वार्षिकोत्सव मना। रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रमों के बीच मने वार्षिकोत्सव में पुरस्कार वितरण का वितरण भी हुआ। पूरे साल विविध गतिविधियों के और वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम तीन स्थान पाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र रहे। डीएम ने समारोह का मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने छात्राओं सफलता प्राप्त करने के सुझाव दिए और कहा कि शिक्षा ही जीवन की सम्पूर्णता का माध्यम है। डीएम ने कहा अनुशासन सफलता के जरुरी है, जो जीवन में अपनाया जाना चाहिए। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने किया और कहा कि यह समारोह सालभर की उपलब्धियों पर हर्ष मनाने का दिन है। समारोह का संयोजन डा सुधा ने किया। डीएम और प्राचार्य प्रतियोगिताओं, खेल चैम्पियन सीमा राजभर एवं वार्षिक क्रीड़ा में विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। संचालन डा. विश्वनाथ द्विवेदी एवं डा अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। डा. अरविन्द कुमार वर्मा, डा. शाहिद परवेज, डा. अरूण कांत गौतम, डा. सीमा यादव, डा. नन्दन सिंह, रवीन्द्र वर्मा, डा. राजेश कुमार यादव, डा. अतुल कनौजिया, विजय लक्ष्मी यादव, डा. महेन्द्र यादव, संगीता, सीता पाण्डेय, वालेन्तिना प्रिया, चन्द्रभान, डा. विजय प्रकाश सिंह समारोह में मौजूद रहे।

## इन छात्राओं को किया पुरस्कृत

खेलों के लिए रीना राजभर, ममता जायसवाल, श्रेया मिश्रा, सीमा राजभर, सब्बो निशा, अंजलि वर्मा, दीप्ति त्रिपाठी, शीबा सिद्दीकी, उमा वर्मा, कौशिल्या, नीलू, प्रज्ञा पांडेय, गरिमा वर्मा, श्रद्धा उपाध्याय, शिखा गौतम, वंदना, वैशाली सारस्वत, प्रियंका गौड़, उन्नति खेतान, यशी सैनी, गरिमा यादव, रानी वर्मा, सगुन सिंह व अन्य को पुरस्कृत किया गया।



बुधवार को रमाबाई पीजी कालेज में वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र को स्मृति चिह्न भेंट करतीं प्राचार्या। • हिन्दुस्तान

Scanned by CamScanner